**Series A6BAB/C**

**Set No. 3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **67/6/3**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **19** printed pages.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- *Please check that this question paper contains **12** questions.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

ACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCYACCOUNTANCY

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 40*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न–पत्र में **दो** भाग हैं – **भाग क** और **भाग ख** । इस प्रश्न–पत्र में **12** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* ***भाग ख** में दो विकल्प हैं अर्थात् (1) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (2) कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन । छात्रों को दिए गए विकल्पों में से केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **1** से **3** और **10** लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **4** से **6** और **11** लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **7** से **9** और **12** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक हैं ।*

*(vii)* *कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, **तीन** अंकों वाले **3** प्रश्नों में और **पाँच** अंकों वाले **1** प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

## भाग क

## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** आय एवं व्यय खाता की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

**2.** शरद, शर्मा, सिंह तथा श्री एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । 31 मार्च, 2022 को श्री सेवानिवृत्त हुआ तथा उसके भाग का अधिग्रहण शरद, शर्मा तथा सिंह ने 2 : 3 : 4 के अनुपात में किया ।

श्री की सेवानिवृत्ति के पश्चात् शेष साझेदारों के नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना कीजिए । *2*

**3.** वर्मा, धर्मा तथा कर्मा एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । 31 मार्च, 2022 को वर्मा सेवानिवृत्त हुआ । वर्मा की सेवानिवृत्ति पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 2,70,000 किया गया ।

ख्याति खाता खोले बिना वर्मा की सेवानिवृत्ति पर ख्याति के लेखांकन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *2*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper comprises of **two** parts – **Part A** and **Part B**. There are **12** questions in the question paper. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iii)* ***Part B** has two options i.e. (1) Analysis of Financial Statements and (2) Computerised Accounting. Students must attempt only **one** of the given options.*

*(iv)* *Questions no. **1** to **3** and **10** are Short Answer Type–I Questions carrying **2** marks each.*

*(v)* *Questions no. **4** to **6** and **11** are Short Answer Type–II Questions carrying **3** marks each.*

*(vi)* *Questions no. **7** to **9** and **12** are Long Answer Type Questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **3** questions of **three** marks and **1** question of **five** marks.*

## PART A

**(Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)**

**1.** State any two characteristics of Income and Expenditure Account. *2*

**2.** Sharad, Sharma, Singh and Shree were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. On $31^{st}$ March, 2022 Shree retired and his share was taken over by Sharad, Sharma and Singh in the ratio of 2 : 3 : 4.

Calculate the new profit sharing ratio of the remaining partners after Shree's retirement. *2*

**3.** Verma, Dharma and Karma were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. On $31^{st}$ March, 2022, Verma retired. On Verma's retirement the goodwill of the firm was valued at ₹ 2,70,000.

Pass the necessary journal entry for the treatment of goodwill on Verma's retirement without opening goodwill account. *2*

**4.** (क) बी एक्स लिमिटेड ने पी क्यू एण्ड कम्पनी से ₹ 3,00,000 मूल्य का भवन, ₹ 2,00,000 मूल्य की मशीनरी, ₹ 30,000 मूल्य का फर्नीचर तथा इसकी ₹ 40,000 की देयताओं को ₹ 6,00,000 के क्रय मूल्य पर ले लिया । बी एक्स लिमिटेड ने क्रय मूल्य का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 11% ऋणपत्रों को 20% अधिमूल्य पर निर्गमित करके किया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए बी एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) एक्स ज़ैड लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 5000, 9% ऋणपत्रों को निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर — ₹ 40 प्रति ऋणपत्र

आबंटन पर — शेष

10,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 2000 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा इन आवेदकों को उनकी आवेदन राशि वापस कर दी गई । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर निर्गमन कर दिया गया । उन आवेदन पत्रों के साथ प्राप्त अतिरिक्त आवेदन राशि जिन्हें आनुपातिक आधार पर आबंटित किया गया था, का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया ।

एक्स ज़ैड लिमिटेड की पुस्तकों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

**5.** क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । 30 जून, 2021 को क की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि किसी भी साझेदार की मृत्यु पर, मृत्यु के वर्ष में फर्म के लाभ में उसके भाग की गणना पिछले दो वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी । पिछले दो वर्षों में फर्म के लाभ निम्न प्रकार थे :

| वर्ष | लाभ (₹) |
|---|---|
| 2019 – 2020 | 70,000 (हानि) |
| 2020 – 2021 | 2,70,000 |

मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में क के भाग की गणना कीजिए तथा उसी तिथि पर इसके लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । *3*

**4.** (a) BX Ltd. took over a building worth ₹ 3,00,000, machinery worth ₹ 2,00,000, furniture worth ₹ 30,000 and its liabilities of ₹ 40,000 from PQ & Company for a purchase consideration of ₹ 6,00,000. BX Ltd. paid the purchase consideration by issuing 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of BX Ltd. *3*

**OR**

(b) XZ Ltd. invited applications for issuing 5000, 9% debentures of ₹ 100 each. The amount was payable as follows :

On application — ₹ 40 per debenture

On allotment — Balance

Applications for 10,000 debentures were received. Applications for 2000 debentures were rejected and the application money of these applicants was refunded to them. Pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Excess application money received with those applications against which pro-rata allotment was made was adjusted towards amount due on allotment.

Pass the necessary journal entries for the issue of debentures in the books of XZ Ltd. *3*

**5.** A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. The firm closes its books on 31$^{st}$ March every year. On 30$^{th}$ June, 2021 A died. The partnership deed provided that on the death of a partner, his share in the profits of the firm in the year of his death will be calculated on the basis of the average profits of the past two years. The profits of the firm for the last two years were as follows :

| Year | Profit ₹ |
|---|---|
| 2019 – 2020 | 70,000 (loss) |
| 2020 – 2021 | 2,70,000 |

Calculate A's share in the profits of the firm till the date of his death and pass necessary journal entry for this on the same date. *3*

**6.** (क) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आशा हैल्थ क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता ₹ 70,000 प्राप्त चन्दा दर्शा रहा था । अतिरिक्त सूचना निम्न प्रकार से थी :

(i) 31 मार्च, 2022 को प्राप्त अग्रिम चन्दा ₹ 7,000 था ।

(ii) 31 मार्च, 2021 को प्राप्त अग्रिम चन्दा ₹ 4,000 था ।

(iii) 31 मार्च, 2022 को अदत्त चन्दा ₹ 8,000 था ।

(iv) 31 मार्च, 2021 को अदत्त चन्दा ₹ 3,000 था ।

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के आय एवं व्यय खाते के जमा पक्ष में खतौनी की जाने वाली चन्दे की राशि की गणना कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) जैम क्लब की रोकड़ बही से लिए गए निम्नलिखित विवरणों से 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए : *3*

| | राशि ₹ |
|---|---:|
| आरम्भिक शेष : | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 15,000 |
| बैंक में रोकड़ | 12,000 |
| चन्दा | 1,02,000 |
| निवेशों का क्रय | 15,000 |
| अदत्त किराया | 6,000 |
| प्राप्त प्रवेश शुल्क (₹ 10,000 पिछले वर्ष के सम्मिलित) | 36,000 |
| अंतिम शेष : | |
| हस्तस्थ रोकड़ | 15,000 |

**6.** (a) Receipts and Payments Account of Asha Health Club showed ₹ 70,000 as subscriptions received for the year ended 31st March, 2022. The additional information was as under :

(i) Subscriptions received in advance as on 31st March, 2022 were ₹ 7,000.

(ii) Subscriptions received in advance as on 31st March, 2021 were ₹ 4,000.

(iii) Outstanding subscriptions as on 31st March, 2022 were ₹ 8,000.

(iv) Outstanding subscriptions as on 31st March, 2021 were ₹ 3,000.

Calculate the amount of subscriptions to be credited to the Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2022. *3*

**OR**

(b) From the following particulars taken out from the Cash Book of Gem Club, prepare a Receipts and Payments Account for the year ended 31st March, 2022 : *3*

| | Amount ₹ |
|---|---|
| Opening Balance : | |
| Cash in Hand | 15,000 |
| Cash at Bank | 12,000 |
| Subscriptions | 1,02,000 |
| Investments Purchased | 15,000 |
| Rent Outstanding | 6,000 |
| Entrance Fees Collected (including ₹ 10,000 for the previous year) | 36,000 |
| Closing Balance : | |
| Cash in Hand | 15,000 |

**7.** लक्ष्मी क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए :

**31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लक्ष्मी क्लब का**
**प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | | राशि ₹ | भुगतान | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए | | | प्रिंटिंग तथा स्टेशनरी | | 65,000 |
| नगद | 40,000 | | बिजली बिल | | 54,000 |
| बैंक | 70,000 | 1,10,000 | निगम कर | | 35,000 |
| चन्दा | | 5,30,000 | बीमा प्रीमियम | | 10,000 |
| प्रवेश शुल्क | | 46,000 | फर्नीचर | | 2,00,000 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | | 40,000 | स्थायी जमा | | 3,00,000 |
| स्थायी जमा पर ब्याज | | 13,500 | शेष नीचे ले गए | | |
| दान | | 1,20,000 | नगद | 1,03,500 | |
| लॉकर किराया | | 28,000 | बैंक | 1,20,000 | 2,23,500 |
| | | 8,87,500 | | | 8,87,500 |

*अतिरिक्त सूचना :*

क्लब के 500 सदस्य हैं, प्रत्येक सदस्य ₹ 1,000 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता है । *5*

**8.** (क) रवि, मोहन तथा पाण्डे एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 8 : 9 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को रवि, मोहन तथा पाण्डे का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 1,41,000 | बैंक | | 27,000 |
| | | | स्टॉक | | 91,000 |
| | | | देनदार | 2,10,000 | |
| सामान्य संचय | | 24,000 | घटा : संदिग्ध ऋणों | | |
| पूँजी : | | | के लिए प्रावधान | 10,000 | 2,00,000 |
| रवि | 3,00,000 | | मशीनरी | | 3,00,000 |
| मोहन | 4,00,000 | | भूमि तथा भवन | | 10,00,000 |
| पाण्डे | 8,43,000 | 15,43,000 | लाभ-हानि खाता (वर्ष 2021 – 22 की हानि) | | 90,000 |
| | | 17,08,000 | | | 17,08,000 |

**7.** From the following Receipts and Payments Account of Laxmi Club, prepare Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2022 :

**Receipts and Payments Account of Laxmi Club for the year ended 31st March, 2022**

| Receipts | | Amount ₹ | Payments | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| To Balance b/d | | | By Printing and Stationery | | 65,000 |
| Cash | 40,000 | | By Electricity Bill | | 54,000 |
| Bank | 70,000 | 1,10,000 | By Municipal Tax | | 35,000 |
| To Subscriptions | | 5,30,000 | By Insurance Premium | | 10,000 |
| To Entrance Fee | | 46,000 | By Furniture | | 2,00,000 |
| To Life Membership Fee | | 40,000 | By Fixed Deposits | | 3,00,000 |
| To Interest on Fixed Deposit | | 13,500 | By Balance c/d | | |
| To Donations | | 1,20,000 | Cash | 1,03,500 | |
| To Locker Rent | | 28,000 | Bank | 1,20,000 | 2,23,500 |
| | | 8,87,500 | | | 8,87,500 |

*Additional Information :*

The club has 500 members, each paying an annual subscription of ₹ 1,000. 5

**8.** (a) Ravi, Mohan and Pandey were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 8 : 9. On 31st March, 2022, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Ravi, Mohan and Pandey as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 1,41,000 | Bank | | 27,000 |
| | | | Stock | | 91,000 |
| | | | Debtors | 2,10,000 | |
| General Reserve | | 24,000 | Less : Provision for | | |
| Capitals : | | | doubtful debts | 10,000 | 2,00,000 |
| Ravi | 3,00,000 | | Machinery | | 3,00,000 |
| Mohan | 4,00,000 | | Land and Building | | 10,00,000 |
| Pandey | 8,43,000 | 15,43,000 | Profit and Loss Account (Loss of 2021 – 22) | | 90,000 |
| | | 17,08,000 | | | 17,08,000 |

31 मार्च, 2022 को मोहन निम्नलिखित शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हुआ :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 4,80,000 पर किया गया ।

(ii) ख्याति में मोहन के भाग की खतौनी उसके पूँजी खाते के जमा पक्ष में ख्याति खाता खोले बिना की जाएगी ।

(iii) ₹ 10,000 के देनदारों को अपलिखित किया जाएगा तथा देनदारों पर डूबत तथा संदिग्ध ऋणों के लिए 10% का प्रावधान किया जाएगा ।

(iv) मशीनरी पर 10% मूल्यह्रास लगाया जाएगा तथा भूमि एवं भवन को 5% से बढ़ाया जाएगा ।

(v) मोहन के पूँजी खाते का शेष उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित किया जाएगा ।

मोहन की सेवानिवृत्ति पर फर्म की पुस्तकों में पुनर्मूल्यांकन खाता तथा मोहन का पूँजी खाता तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) बी, सी तथा डी एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2022 को बी, सी तथा डी का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि ₹ | परिसम्पत्तियाँ | | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | | 1,20,000 | बैंक | | 17,000 |
| | | | देनदार | 2,00,000 | |
| लाभ-हानि खाता | | 2,000 | घटा : डूबत ऋणों | | |
| पूँजी : | | | के लिए प्रावधान | 5,000 | 1,95,000 |
| बी | 13,00,000 | | स्टॉक | | 4,50,000 |
| सी | 2,00,000 | | फर्नीचर | | 60,000 |
| डी | 2,00,000 | 17,00,000 | भूमि तथा भवन | | 11,00,000 |
| | | 18,22,000 | | | 18,22,000 |

On 31st March, 2022, Mohan retired from the firm on the following terms :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 4,80,000.

(ii) Mohan's share of goodwill will be credited to his capital account without opening goodwill account.

(iii) Debtors of ₹ 10,000 will be written off and a provision of 10% for bad and doubtful debts will be created on debtors.

(iv) Machinery will be depreciated by 10% and land and building will be appreciated by 5%.

(v) The balance in Mohan's Capital Account will be transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account and Mohan's Capital Account on Mohan's retirement, in the books of the firm. *5*

**OR**

(b) B, C and D were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2022 their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of B, C and D as at 31st March, 2022**

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Sundry Creditors | | 1,20,000 | Bank | | 17,000 |
| | | | Debtors | 2,00,000 | |
| Profit and Loss A/c | | 2,000 | Less : Provision for | | |
| Capitals : | | | bad debts | 5,000 | 1,95,000 |
| B | 13,00,000 | | Stock | | 4,50,000 |
| C | 2,00,000 | | Furniture | | 60,000 |
| D | 2,00,000 | 17,00,000 | Land and Building | | 11,00,000 |
| | | 18,22,000 | | | 18,22,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया । परिसम्पत्तियों से वसूली तथा देयताओं का भुगतान निम्न प्रकार से किया गया :

(i) देनदारों को पुस्तक मूल्य से 10% कम पर एक ऋण एकत्रित करने वाली एजेंसी को बेच दिया गया ।

(ii) ₹ 2,00,000 का स्टॉक बी ने पुस्तक मूल्य से ₹ 90,000 कम पर ले लिया तथा शेष स्टॉक से ₹ 1,80,000 की वसूली हुई ।

(iii) फर्नीचर को सी ने ₹ 65,000 पर ले लिया ।

(iv) लेनदारों को उनकी राशि के पूर्ण निपटान के रूप में 10% कम भुगतान किया गया ।

(v) भूमि एवं भवन से ₹ 18,00,000 की वसूली हुई ।

(vi) बी को विघटन कार्य करने का दायित्व दिया गया जिसके लिए उसे ₹ 40,000 का भुगतान करना था ।

वसूली खाता तैयार कीजिए । 5

**9.** निम्नलिखित स्थितियों में 9% ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए : 5

(क) ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 5,00,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया जिनका शोधन तीन वर्ष पश्चात् सममूल्य पर करना है ।

(ख) ₹ 100 प्रत्येक के 4,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 3% बट्टे पर किया गया जिनका शोधन पाँच वर्ष पश्चात् 10% प्रीमियम पर करना है ।

(ग) ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 20% प्रीमियम पर किया गया जिनका शोधन पाँच वर्ष पश्चात् 10% प्रीमियम पर करना है ।

## भाग ख

## विकल्प 1

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**10.** 'रोकड़ प्रवाह विवरण' तैयार करने के प्राथमिक उद्देश्य का उल्लेख कीजिए । 2

On the above date the firm was dissolved. The Assets were realised and the Liabilities were paid off as follows :

(i) Debtors were sold to a debt collection agency at 10% less than the book value.

(ii) Stock ₹ 2,00,000 was taken over by B at ₹ 90,000 less than its book value and the remaining stock realised ₹ 1,80,000.

(iii) Furniture was taken over by C for ₹ 65,000.

(iv) Creditors were paid 10% less in full settlement of their amount.

(v) Land and Building realised ₹ 18,00,000.

(vi) B was assigned the work of dissolution for which he was to be paid ₹ 40,000.

Prepare Realisation Account. *5*

**9.** Pass the necessary journal entries for the issue of 9% debentures in the following cases : *5*

(a) Issued ₹ 5,00,000, 9% debentures of ₹ 100 each at par, redeemable at par, after three years.

(b) Issued 4,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 3%, redeemable at a premium of 10% after five years.

(c) Issued 10,000, 9% debentures of ₹ 100 each issued at a premium of 20%, redeemable at a premium of 10% after five years.

## PART B

## OPTION 1

## (Analysis of Financial Statements)

**10.** State the primary objective of preparing 'Cash Flow Statement'. *2*

**11.** (क) निम्नलिखित सूचना से एक्स एल लिमिटेड का 31 मार्च, 2021 तथा 31 मार्च, 2022 को सामान्य आकार का स्थिति विवरण तैयार कीजिए : *3*

**एक्स एल लिमिटेड**

**31 मार्च, 2022 को स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31 मार्च, 2022 ₹ | 31 मार्च, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (क) समता अंश पूँजी | | 10,00,000 | 6,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| 8% ऋणपत्र | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| व्यापारिक देय | | 3,00,000 | 1,00,000 |
| **कुल** | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | 8,00,000 | 2,00,000 |
| **कुल** | | 20,00,000 | 10,00,000 |

**अथवा**

(ख) आर जे लिमिटेड के निम्नलिखित लाभ-हानि विवरण से, 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *3*

**आर जे लिमिटेड**

**31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 2021 – 22 ₹ | 2020 – 21 ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | | 20,00,000 | 15,00,000 |
| कर्मचारी हितलाभ व्यय | | 8,00,000 | 4,00,000 |
| अन्य आय | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| कर दर 50% | | | |

**11.** (a) From the following information, prepare a Common Size Balance Sheet of XL Ltd., as at 31st March, 2021 and 31st March, 2022 : *3*

**XL Ltd.**

**Balance Sheet as at 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 31st March, 2022 ₹ | 31st March, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholder's Funds | | | |
| (a) Equity Share Capital | | 10,00,000 | 6,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| 8% Debentures | | 5,00,000 | 2,00,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| Trade Payables | | 3,00,000 | 1,00,000 |
| **Total** | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| Fixed Assets | | 12,00,000 | 8,00,000 |
| 2. Current Assets | | 8,00,000 | 2,00,000 |
| **Total** | | 20,00,000 | 10,00,000 |

**OR**

(b) From the following Statement of Profit and Loss of RJ Ltd., prepare a Comparative Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2022 : *3*

**RJ Ltd.**

**Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 2021 – 22 ₹ | 2020 – 21 ₹ |
|---|---|---|---|
| Revenue from Operations | | 20,00,000 | 15,00,000 |
| Employee Benefit Expenses | | 8,00,000 | 4,00,000 |
| Other Expenses | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| Tax Rate 50% | | | |

**12.** 31 मार्च, 2022 को पी पी लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से, प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : *5*

**पी पी लिमिटेड**

**31 मार्च, 2022 को स्थिति विवरण**

| विवरण | नोट सं. | 31 मार्च, 2022 ₹ | 31 मार्च, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | 1 | 70,00,000 | 50,00,000 |
| (ख) संचय एवं आधिक्य | 2 | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 2. अचल देयताएँ | | | |
| दीर्घकालीन उधार | 3 | 20,00,000 | 15,00,000 |
| 3. चालू देयताएँ | | | |
| (क) व्यापारिक देय | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| (ख) लघुकालीन प्रावधान | 4 | 50,000 | 80,000 |
| **कुल** | | 1,02,50,000 | 74,80,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| 1. अचल परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) स्थायी परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 5 | 65,00,000 | 40,00,000 |
| (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 6 | 2,00,000 | 3,00,000 |
| (ख) दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम | | 10,00,000 | 15,00,000 |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | | |
| (क) मालसूची (स्टॉक) | | 6,00,000 | 7,00,000 |
| (ख) व्यापारिक प्राप्य | | 5,00,000 | 3,00,000 |
| (ग) रोकड़ तथा रोकड़ तुल्य | | 14,50,000 | 6,80,000 |
| **कुल** | | 1,02,50,000 | 74,80,000 |

**12.** From the following Balance Sheet of PP Ltd. as at 31st March, 2022, calculate Cash Flows from Operating Activities : *5*

**PP Ltd.**
**Balance Sheet as at 31st March, 2022**

| Particulars | Note No. | 31st March, 2022 ₹ | 31st March, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholder's Funds | | | |
| (a) Share Capital | 1 | 70,00,000 | 50,00,000 |
| (b) Reserves and Surplus | 2 | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | | |
| Long-term Borrowings | 3 | 20,00,000 | 15,00,000 |
| 3. Current Liabilities | | | |
| (a) Trade Payables | | 2,00,000 | 1,00,000 |
| (b) Short-term Provisions | 4 | 50,000 | 80,000 |
| **Total** | | 1,02,50,000 | 74,80,000 |
| **II – Assets :** | | | |
| 1. Non-Current Assets | | | |
| (a) Fixed Assets | | | |
| (i) Tangible Assets | 5 | 65,00,000 | 40,00,000 |
| (ii) Intangible Assets | 6 | 2,00,000 | 3,00,000 |
| (b) Long-term Loans and Advances | | 10,00,000 | 15,00,000 |
| 2. Current Assets | | | |
| (a) Inventories | | 6,00,000 | 7,00,000 |
| (b) Trade Receivables | | 5,00,000 | 3,00,000 |
| (c) Cash and Cash Equivalents | | 14,50,000 | 6,80,000 |
| **Total** | | 1,02,50,000 | 74,80,000 |

खातों के नोट्स :

| नोट सं. | विवरण | 31 मार्च, 2022 ₹ | 31 मार्च, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | अंश पूँजी<br>समता अंश पूँजी | 70,00,000 | 50,00,000 |
| 2 | संचय एवं आधिक्य<br>(आधिक्य अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष) | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 3 | दीर्घकालीन उधार<br>6% ऋणपत्र | 20,00,000 | 15,00,000 |
| 4 | लघुकालीन प्रावधान<br>कर प्रावधान | 50,000 | 80,000 |
| 5 | मूर्त परिसम्पत्तियाँ<br>भूमि तथा भवन | 65,00,000 | 40,00,000 |
| 6 | अमूर्त परिसम्पत्तियाँ<br>ख्याति | 2,00,000 | 3,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

6% ऋणपत्रों पर ₹ 90,000 ब्याज का भुगतान किया गया ।

## भाग ख

## विकल्प 2

## (कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन)

**10.** टैली सॉफ्टवेयर के अनुसार 'खाता समूह' का अर्थ दीजिए । *2*

**11.** (क) टैली सॉफ्टवेयर में बैंक समाधान विवरण बनाने के चरणों का उल्लेख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) लेखांकन सॉफ्टवेयर की सिक्योरिटी विशेषताओं के रूप में 'पासवर्ड सिक्योरिटी' तथा 'आँकड़ा अंकेक्षण' को समझाइए । *3*

**12.** टैली सॉफ्टवेयर में प्रयुक्त किए जाने वाले तीन प्रकार के प्रमाणकों (वाउचर) तथा प्रमाणकों का अंकन करने की दो विधियों को समझाइए । *5*

Notes to Accounts :

| Note No. | Particulars | 31st March, 2022 ₹ | 31st March, 2021 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1 | Share Capital<br>Equity Share Capital | 70,00,000 | 50,00,000 |
| 2 | Reserves and Surplus<br>(Surplus i.e., Balance in the Statement of Profit and Loss) | 10,00,000 | 8,00,000 |
| 3 | Long-term Borrowings<br>6% Debentures | 20,00,000 | 15,00,000 |
| 4 | Short-term Provisions<br>Provision for Tax | 50,000 | 80,000 |
| 5 | Tangible Assets<br>Land and Building | 65,00,000 | 40,00,000 |
| 6 | Intangible Assets<br>Goodwill | 2,00,000 | 3,00,000 |

*Additional Information :*

₹ 90,000 interest was paid on 6% debentures.

## PART B
## OPTION 2
## (Computerised Accounting)

**10.** Give the meaning of 'Group of Account' as per Tally software. *2*

**11.** (a) State the steps in constructing Bank Reconciliation Statement in Tally software. *3*

**OR**

(b) Explain 'Password Security' and 'Data Audit' as security features of accounting software. *3*

**12.** Explain three types of vouchers and two methods of voucher numbering used in Tally software. *5*